आयरलैंड ने इंग्लैंड को हरा कर ली टीम इंडिया की बराबरी, बना डाला बड़ा रिकॉर्ड

पॉल स्टार्लिंग और बालबर्नी की शानदार शतकीय पारी के दम पर 7 विकेट की बड़ी जीत हासिल की

नई दिल्ली, 5 अगस्त (ए)। आयरलैंड क्रिकेट टीम ने मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ एक ऐसी जीत हासिल की जिसने इतिहास रच दिया। विश्व चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ 329 रन का स्कोर बनाकर जीत हासिल करना आयरलैंड के क्रिकेट इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। इस एक जीत के साथ आयरलैंड की टीम ने एक मामले में भारत की बराबरी कर ली और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड की टीमों को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे में आयरलैंड ने पॉल स्टार्लिंग और बालबर्नी की शानदार शतकीय पारी के दम पर 7 विकेट की बड़ी जीत हासिल की। इंग्लैंड की टीम ने कप्तान इयोन मोर्गन की सेंचुरी के दम पर 328 रन का स्कोर खड़ा किया था। इंग्लैंड के रुतबे को देखते हुए सीरीज में आयरलैंड के क्लीन स्वीप की उम्मीद की जा रही थी लेकिन इन दो धुरंधरों ने दमदार बल्लेबाजी से बाजी पलट दी। 49.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर स्लालिंग के 142 और बालबर्नी के 113 रन की बदौलत टीम ने जीत हासिल की।

आयरलैंड ने की भारत की बराबरी

इंग्लैंड के खिलाफ 320 रन से ऊपर के लक्ष्य को हासिल करने के मामले में आयरलैंड ने अब भारतीय टीम की बराबरी कर ली है। भारत ने अब तक दो बार ऐसा किया था और आयरलैंड की टीम ने भी मंगलवार की जीत के बाद इस लिस्ट में टीम इंडिया के साथ टॉप पर जगह बना ली। 320 रन से ऊपर का लक्ष्य हासिल करने में आयरलैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को पीछे छोड़ दिया। इन टीमों ने अब तक ऐसा बस एक बार किया है।

इंग्लैंड में आयरलैंड का रिकॉर्ड

आयरलैंड की टीम इंग्लैंड में खेलते हुए मेजबान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाली टीम बन गई है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2002 में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल करने में कामयाबी पाई थी।

वनडे में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा

सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने के मामले में साउथ अफ्रीका की टीम नंबर एक पर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2006 में साउथ अफ्रीका ने 438 रन का पीछा कर जीत हासिल की थी। दूसरे नंबर पर भी साउथ अफ्रीका का ही नाम है 2016 में टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 372 रन का पीछा कर जीत दर्ज की थी। तीसरे नंबर पर इंग्लैंड की टीम है जिसने 2019 में वेस्टइंडीज को 364 रन की पीछा कर जीत हासिल की थी। भारत इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। 2013 में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 362 रन बनाकर जीत हासिल की थी।

कोरोना का असर

वर्ल्ड नंबर-1 बार्टी और फेडरर के बाद डिफेंडिंग चैम्पियन नडाल ने भी यूएस ओपन से नाम वापस लिया

कोरोना तेजी से बढ़ रहा और हमारा इस पर नियंत्रण नहीं

यूएस, 5 अगस्त (ए)। महिलाओं में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी एश्ले बार्टी और रोजर फेडरर के बाद डिफेंडिंग चैम्पियन राफेल नडाल भी यूएस ओपन टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।नडाल ने कहा कि मैंने बहुत सोचने के बाद इस साल यूएस ओपन टूर्नामेंट में न खेलने का फैसला किया। कोरोना के कारण दुनिया भर में स्थिति बहुत खराब है, कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि जैसे हमारा इस पर कोई नियंत्रण नहीं। उन्होंने आगे कहा कि यह फैसला मैं नहीं लेना चाहता था, लेकिन इस बार मैंने अपनी दिल की सुनी और जब तक हालात ठीक नहीं होते मैं ट्रैवल नहीं करूंगा।



नडाल ने इंटरनेशनल टेनिस शेड्यूल की भी आलोचना की - वर्ल्ड नंबर-2 नडाल ने कोरोना के कारण इंटरनेशनल टेनिस शेड्यूल में आए बदलाव की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि इस साल टेनिस कैलेंडर खिलाड़ियों की परीक्षा लेने वाला है, यह बर्बर है, क्योंकि 4 महीने से खेल हुआ ही नहीं और फिर एक के बाद एक दो टूर्नामेंट यूएस और फ्रेंच ओपन हो रहे। यूएस ओपन 31 अगस्त से 13 सितंबर तक होगा, जबकि फ्रेंच ओपन इसके दो हफ्ते बाद 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक पेरिस में खेला जाएगा।

फेडरर भी घुटने की चोट के कारण यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे - इससे पहले दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर भी घुटने की सर्जरी के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले चुके हैं। 1999 के बाद ऐसा पहली बार होगा, जब नडाल और फेडरर दोनों किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में नजर नहीं आएंगे। 19 ग्रैंड स्लैम जीत चुके नडाल के पास यूएस ओपन में फेडरर के 20 खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका था।

जोकोविच के पास 18वां ग्रैंड स्लैम जीतने का मौका - दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच यूएस ओपन में खेलेंगे। तीन बार यह टूर्नामेंट जीत चुके जोकोविच के पास 18वां ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का मौका है। उनके अलावा वर्ल्ड नंबर-3 डोमिनिक थिएम, वर्ल्ड नंबर-5 डेनियल मेदवेदेव और स्टेफनोस सितसिपास भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।वहीं, महिला वर्ग में वर्ल्ड नंबर-1 एश्ले बार्टी को छोड़कर सभी टॉप सीड खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसमें रोमानिया की वर्ल्ड नंबर-2 सिमोना हालेप और सेरेना विलियम्स शामिल हैं।

सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकार्ड

इंग्लैंड के मॉर्गन ने धोनी को पीछे छोड़ा, बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाए, ओवरऑल 534 छक्कों के साथ गेल सबसे आगे

इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

खिलाड़ी	देश	मैच	सिक्स
इयोन मोर्गन	इंग्लैंड	163	213
महेंद्र सिंह धोनी	भारत	332	211
रिकी पोंटिंग	ऑस्ट्रेलिया	324	171
बैंडन मैकुलम	न्यूजीलैंड	121	170
एबी डीविलियर्स	दक्षिण अफ्रीका	124	135

लंदन, 5 अगस्त (ए)। इंग्लैंड को वनडे का वर्ल्ड चैम्पियन बनाने वाले कप्तान इयोन मोर्गन इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के (212) लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने मंगलवार को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। मोर्गन ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के 211 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। मोर्गन को यहां तक पहुंचने में 163 मैच लगे, जबकि धोनी ने बतौर कप्तान 332 मैच में इतने छक्के लगाए। इंग्लैंड के कप्तान ने मैच में 78 गेंद पर शतक लगाया। आउट होने से पहले उन्होंने 84 गेंद पर 106 रन का पारी खेली। इसमें उन्होंने 15 चौके और 4 छक्के लगाए।

रिकी पोंटिंग बतौर कप्तान छक्के लगाने के मामले में तीसरे स्थान पर - इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 324 मैच (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 171 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम 170 छक्कों के साथ चौथे और एबी डीविलियर्स 124 मैच में 135 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

क्रिस गेल ने सबसे ज्यादा 534 छक्के लगाए - वहीं, ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 462 मैच (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 534 छक्के लगाए हैं। दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी हैं। उन्होंने 508 मैच में 476 छक्के जड़े हैं। तीसरे स्थान पर 423 छक्के लगाने वाले भारतीय ओपनर रोहित शर्मा हैं। धोनी इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने 359 छक्के लगाए हैं, जबकि इंग्लैंड कप्तान मोर्गन भी ज्यादा पीछे नहीं हैं। उन्होंने अपने करियर में अब तक 324 छक्के लगाए हैं।

मोर्गन के वनडे करियर का 14वां शतक - मोर्गन ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में न सिर्फ बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि उन्होंने 14वां शतक भी लगाया। हालांकि, इंग्लैंड के लिए यह उनका 13वां शतक है। वनडे में एक सेंचुरी उन्होंने 2007 में आयरलैंड की ओर से खेलते हुए लगाई थी। मोर्गन इंग्लैंड की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए।

मलिंगा-बुमराह से शानदार यॉर्कर

इंग्लैंड के परेलू मैच में मैथ्यू फिशर की यॉर्कर से बल्लेबाज जमीन पर गिरा, स्टंप्स भी उड़कर दूर गिरे

लंदन, 5 अगस्त (ए)। इंग्लैंड में कोरोनावायरस के बीच घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट बॉब विलीज ट्रॉफी खेला जा रहा है। इसके तहत चेस्टर-ले-स्ट्रीट शहर में 1 से 4 अगस्त तक यॉर्कशायर और डरहम के बीच टेस्ट खेला जा रहा है। इसी दौरान तीसरे दिन यॉर्कशायर के तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर ने शानदार यॉर्कर डालकर जैक बर्नहैम को आउट किया। यह यॉर्कर इतनी खतरनाक थी कि बल्लेबाज डिफेंसिव शॉट के बाद पिच पर ही गिर गए और दो स्टंप्स उड़ गए। इनमें एक दूर जाकर गिरा। इस विकेट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इस पर कमेंट करते हुए इस यॉर्कर को श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह से भी शानदार बता रहे हैं। दरअसल, यह दोनों क्रिकेट जगत में यॉर्कर स्पेशलिस्ट माने जाते हैं।

फिशर ने मैच की दोनों पारियों में 6 विकेट लिए

मैच में टॉस जीतकर डरहम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाए थे। इसके जवाब में यॉर्कशायर ने 199 रन बनाए। वहीं, दूसरी पारी में डरहम ने अच्छी शुरुआत की और 266 रन बनाते हुए 171 रन का टारगेट सेट किया। फिलहाल, यॉर्कशायर ने 3 विकेट पर 103 रन बना लिए हैं।

इंग्लैंड-पाकिस्तान पहला टेस्ट आज से

कोरोना के बीच दूसरी सीरीज

इंग्लैंड 10 साल से पाकिस्तान से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका, जबकि घर में 6 साल से किसी से नहीं हारा



मैनचेस्टर, 5 अगस्त (ए)। कोरोनावायरस के बीच इंग्लैंड अपनी दूसरी और पाकिस्तान पहली टेस्ट सीरीज खेलने जा रहा है। दोनों टीमों के बीच 3 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच आज से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जाएगा। इंग्लैंड टीम 10 साल से पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है, जबकि वह 6 साल से घर में कोई सीरीज नहीं हारा। ऐसे में इंग्लिश टीम के पास रिकॉर्ड सुधारने का मौका है। इससे पहले इंग्लैंड टीम ने जुलाई 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ 3-1 से घरेलू टेस्ट सीरीज जीती थी। तब से अब तक 10 साल में दोनों के बीच 4 टेस्ट सीरीज खेली गई। इनमें 2012 और 2015 में पाकिस्तान ने दो सीरीज जीतीं, जो यूएई में हुई थी। जबकि इंग्लैंड में खेली गई 2016 और 2018 में दो टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही थी।

वेस्टइंडीज को हराने वाली टीम ही पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी - कोरोना महामारी के बीच 117 दिन बाद इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी 8 जुलाई को इंग्लैंड से ही हुई थी। इसी महीने इंग्लिश टीम ने वेस्टइंडीज को 2-1 से हराया था। इसी विजेता टीम को इंग्लैंड बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में भी बरकरार रखा है। इस सीरीज की 4 पारियों में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने 16 विकेट लेकर करियर के 500 टेस्ट विकेट पूरे किए थे।

इंग्लिश टीम ने 6 में 8 घरेलू सीरीज जीती - इंग्लैंड अपने घर में 6 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। इस दौरान इंग्लिश टीम ने 12 में से 8वीं द्विपक्षीय सीरीज जीती है, जबकि 4 ड्रॉ खेली है।

हेड-टू-हेड - इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अब तक 83 में से 25 टेस्ट जीते हैं। 21 में उसे हार मिली, जबकि 37 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। वहीं, घर में इंग्लिश टीम ने पाकिस्तान को 53 में से 23 टेस्ट में हराया है। 12 मैच में इंग्लैंड को हार मिली, जबकि 18 टेस्ट ड्रॉ खेले गए।

सीरीज में हार-जीत के बाद टेस्ट चैम्पियनशिप पर असर

इंग्लैंड यदि क्लीन स्वीप करती है तो एक पायदान का फायदा होगा और 346 के साथ दूसरे नंबर पर ही रहेगी। वहीं, पाकिस्तान 3-0 से सीरीज जीतता है तो दो पायदान का फायदा होगा और 260 पॉइंट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंचेगा। जबकि इंग्लैंड टीम 226 अंक के साथ चौथे नंबर पर खिसक जाएगी। भारत के 360 अंक के साथ टॉप पर बरकरार रहेगा।

टीम	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ	पॉइंट
भारत	9	7	2	0	360
ऑस्ट्रेलिया	10	7	2	1	296
इंग्लैंड	12	7	4	1	226
न्यूजीलैंड	7	3	4	0	180
पाकिस्तान	5	2	2	1	140
श्रीलंका	4	1	2	1	80
वेस्टइंडीज	3	1	2	0	40
द.अफ्रीका	7	1	6	0	24
बांग्लादेश	3	0	3	0	0

पाकिस्तान टीम इंग्लैंड में 15 में से सिर्फ 3 सीरीज ही जीत सका - सीरीज की बात की जाए तो दोनों टीमें अब तक 25 बार आमने-सामने आई हैं। इस दौरान इंग्लैंड ने 9 सीरीज जीती, 8 में उसे हार मिली। 8 सीरीज ड्रॉ खेली गई। वहीं, इंग्लैंड ने घर में 15 में से 7 टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान को हराया है। तीन में टीम को हार मिली, जबकि 5 सीरीज ड्रॉ रही हैं। पिच और मौसम रिपोर्ट-मैनचेस्टर में मैच के दौरान बादल छाए रहेंगे। बारिश की आशंका है। ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच पर तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। टॉस जीतने वाली टीम यहां पहले बल्लेबाजी करना पसंद करेगी। इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का सक्सेस रेट 39.5त्न रहा है।

इस स्टेडियम में कुल टेस्ट- 81
पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती- 32
पहले गेंदबाजी करने वाली टीम जीती- 14
पहली पारी का औसत स्कोर- 335
दूसरी पारी का औसत स्कोर- 269
तीसरी पारी का औसत स्कोर- 227
चौथी पारी का औसत स्कोर- 166

दोनों टीमें

पाकिस्तान - अजहर अली (कप्तान), बाबर आजम (उपकप्तान), आबिद अली, असद शफीक, फहीम अशरफ, फवाद आलम, इमाम उल हक, इमरान खान, काशिफ भट्टी, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सरफराज अहमद, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, शान मसूद, सोहेल खान, उस्मान शिनवारी, वहाब रियाज और यासिर शाह।

इंग्लैंड - जो रूट (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोफ्रा आर्चर, डोमिनिक बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, रोरी बर्न्स, जोस बटलर, जैक क्रावली, सैम करन, ओली पोप, डॉम सिबली, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

वेस्टइंडीज का ऑस्ट्रेलिया दौरा टला

दोनों टीमों के बीच अक्टूबर में 3 टी-20 की सीरीज होनी थी, जो टी-20 वर्ल्ड कप से पहले प्रैक्टिस के तौर पर खेलना था

आईपीएल से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 11.45 करोड़ रुपए और वेस्टइंडीज बोर्ड को 3.5 करोड़ रुपए मिलेंगे

मेलबर्न, 5 अगस्त (ए)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कोरोनावायरस के कारण वेस्टइंडीज के साथ होने वाली वाली 3 टी-20 की सीरीज को टाल दिया है। यह सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप से पहले अक्टूबर में प्रैक्टिस के तौर पर खेलना था। टी-20 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में ही 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होना था, जिसे पिछले महीने इंटरनेशनल क्रिकेट कांसिल (आईसीसी) ने एक साल के लिए टाल दिया है। दोनों देशों के बीच तीनों मैच 4, 6 और 9 अक्टूबर को होने थे। इसी के साथ पिछले ही महीने दक्षिण अफ्रीका ने भी सितंबर में होने वाला वेस्टइंडीज का दौरा टाल दिया था। दोनों देशों को 2 टेस्ट और 5 टी-20 की सीरीज खेलना था।

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी आईपीएल खेल सकेंगे - ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के बीच सीरीज टलने से अब दोनों टीमों के खिलाड़ी आईपीएल में खेल सकेंगे। इस बार आईपीएल 19 सितंबर से 10 नवंबर तक यूएई में होना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इसकी घोषणा कर दी है। इस लीग में ऑस्ट्रेलिया को 13 खिलाड़ी खेल रहे हैं। इससे ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को 11.45 करोड़ का फायदा होगा। वहीं वेस्टइंडीज बोर्ड को भी 3.5 करोड़ रुपए मिलेंगे।

भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा - भारतीय टीम को 4 टेस्ट और 3 वनडे की सीरीज के लिए दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। पहला टेस्ट तीन दिसंबर से ब्रिसबेन में होगा। इसके बाद भारत को एडिलेड में 11 से 15 दिसंबर तक एक डे-नाइट टेस्ट भी खेलना है। इसके बाद 12 जनवरी से दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज शुरू होगी।

रोनाल्डो के पास सबसे महंगी बुगाती कार

रोनाल्डो ने 75 करोड़ रु. की बुगाती खरीदी, उनके पास मौजूद सभी कारों की कीमत 164 करोड़ रुपए से ज्यादा



पुर्तगाल, 5 अगस्त (ए)। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दुनिया की सबसे महंगी कार में से एक बुगाती ला वोचर नॉयर खरीदकर खुद को गिफ्ट की है। इस कार की कीमत 8.5 मिलियन डॉलर (करीब 75 करोड़ रुपए) है। अब रोनाल्डो के पास 164 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की कारें हो गई हैं। रोनाल्डो इटली के फुटबॉल क्लब युवेंटस की ओर से खेलते हैं। हाल ही में उन्होंने टीम को 9वीं बार इटेलियन टूर्नामेंट सीरी-ए जिताया है। इस सीजन में उन्होंने टीम की ओर से 31 मैच में सबसे ज्यादा 32 गोल किए थे। रोनाल्डो ने इंस्टाग्राम पर कार की फोटो शेयर करते हुए लिखा- क्या देखना है, आप ही चुनें।

जून में 49 करोड़ रुपए कीमत का जहाज खरीदा था - रोनाल्डो महंगी कारों के शौकीन हैं। उनके गैराज में बुगाती वेयरॉन ग्रांड स्पोर्ट विटेसी, फरारी 599 जीटीओ, लेम्बॉर्गिनी अवेंतडोर, मैक्लारेन एमपी4 12सी जैसी महंगी कारें हैं। वे समय-समय पर अपनी इन कारों की फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। उन्होंने जून में ही लग्जरी जहाज याचत खरीदा था, जिसकी कीमत 5.5 मिलियन डॉलर (करीब 49 करोड़ रुपए) थी।

कार की रफ्तार 380 किमी प्रतिघंटा - बुगाती ला वोचर नॉयर में 8.0 लीटर का क्वॉड टर्बोचार्जड डब्ल्यू16 इंजन लगा है। यह कार सिर्फ 2.4 सेकंड में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। इसकी रफ्तार 380 किमी प्रति घंटा है।

भारत में पंड्या भाइयों के पास सबसे महंगी कार - बुगाती ला वोचर नॉयर की भारत में कीमत करीब 87.6 करोड़ रुपए है। जबकि ऑन रोड कीमत 133 करोड़ रुपए तक पहुंच जाती है। यदि भारतीय खिलाड़ियों की बात करें, तो हार्दिक और क्रणाल पंड्या भाई सबसे आगे हैं। उनके पास 3.73 करोड़ रु. की कार लेम्बॉर्गिनी हुराकन है। इसके बाद युवराज सिंह हैं, जिनके पास 3.6 करोड़ कीमत की लेम्बॉर्गिनी मुर्सिलागो कार है।